दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 228 मुरादाबाद, 08 December 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीराम के आदर्शों को जानेंगे बच्चे- बेसिक व माध्यमिक स्कूलों में रामायण से जुड़े प्रसंगों पर होगी प्रतियोगिता

यूपी के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में रामायण से जुड़े प्रसंगों पर प्रतियोगिता होगी। इसके लिए चित्रकला, लेखन, वेशभूषा व रामायण गायन की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का दिव्य-भव्य मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर जहां प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों में श्रीराम के आदर्शों को उतारने का भी काम करेगी।

रामायण से जुड़े प्रसंगों पर चित्रकला, लेखन, वेशभूषा व रामायण गायन आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करना है।

रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में होंगी प्रतियोगिताएं - प्रदेश सरकार की ओर से रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर आधारित चित्रकला, लेखन, वेशभूषा व रामायण गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता यूपी के सभी बेसिक व माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में होगी। यही नहीं अयोध्या के विभिन्न घाटों व स्थलों पर रामायण से जुड़ी कलाकृतियों की स्थापना की जानी है।

इन कलाकृतियों की आधुनिक रूप से साज-सज्जा प्रस्तावित है। कलाकृतियों के निर्माण का कार्य उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।100 करोड़ रुपये खर्च कर होंगे आयोजन- संस्कृति विभाग की ओर से अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन के दृष्टिगत लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रामोत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिताओं व मूर्तिकला-चित्रकला के जरिए युवाओं को प्रेरित करने के लिए भी बजट खर्च होगा। प्रतियोगिताओं पर 4 करोड़ और मूर्तिकला-चित्रकला पर ढाई करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। युवाओं को रामायण के प्रसंग से अवगत कराने के उद्देश्य से होने वाला यह कार्यक्रम अलौकिक, दिव्य व भव्य होगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले, पीएम मोदी के संकल्प की हुई जीत, अन्य दल हार स्वीकार करें




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी के संकल्पों की जीत हुई है। अन्य दलों को अपनी हार स्वीकार कर लेनी चाहिए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गुरुवार दोपहर को भाजपा जिला मुख्यालय पहुंचे। खैराबाद टोल प्लाजा पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। जहां से सीधा वह जिला भाजपा मुख्यालय पहुंचे।

उन्होंने दस मिनट भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकरियों से वार्ता की। इसके बाद मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल किया है।

यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प व आम कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत है। जनता से जो भी वादे किए गए, सब पूरे हो रहे हैं। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए लगातार काम किया जा रहा है। पीएम मोदी की गारंटी में लोगो को विश्वास है। तेलंगाना में भी भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में चुनाव पीएम मोदी के चेहरे पर लड़ा गया था। उन्होंने कहा कि अन्य दलों को अपनी हार स्वीकार करनी चाहिए।

## यूपी बोर्ड परीक्षा का शेड्यूल जारी, 22 तारीख को पहला पेपर




यूपी बोर्ड की दसवीं और 12वीं की 2024 की बोर्ड परीक्षाएं इस बार 22 फरवरी से एक साथ शुरू होंगी। यूपी बोर्ड ने गुरुवार को बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षाएं 9 मार्च तक संचालित की जाएगी। यूपी बोर्ड की तरफ से परीक्षा को लेकर तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। 22 फरवरी को गुरुवार को 10वीं की परीक्षा की शुरुआत हिंदी के पेपर से होगी, जबकि दूसरी पाली में वाणिज्य का पेपर होगा। इंटर की परीक्षा की शुरुआत सैन्य विज्ञान से होगी, जबकि दूसरी पाली में सामान्य हिंदी और हिंदी का पेपर होगा। यूपी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम जारी करते हुए बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि इस बार की बोर्ड परीक्षाएं 12 कार्य दिवसों में आयोजित की जाएगी। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा दोनों पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होकर 11.45 तक संचालित होगी।

जबकि दूसरी पाली की बोर्ड परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक आयोजित होगी। 10वीं में हिंदी और इंटर में सैन्य विज्ञान के प्रश्नपत्र से शुरू होगी परीक्षा- 10वीं की बोर्ड परीक्षा में पहले दिन यानी 22 फरवरी को पहली पाली में हिंदी और प्रारंभिक हिंदी विषय की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में वाणिज्य विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं इंटरमीडिएट में पहली पाली में सैन्य विज्ञान और दूसरी पाली में हिंदी व सामान्य हिंदी विषय की परीक्षा पहले दिन आयोजित होगी। इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा एक साथ शुरू होने के साथ ही एक साथ समाप्त भी होगी।

दोनों कक्षाओं में इस विषय की होगी आखिरी परीक्षा- 10वीं की परीक्षा का आखिरी पेपर इलेक्ट्रीशियन, आपदा प्रबंधन, सोलर सिस्टम रिपेयर और प्लम्बर का होगा। जबकि 12वीं की परीक्षा का आखिरी प्रश्नपत्र संस्कृत, कृषि गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी-पंचम् प्रश्नपत्र ( कृषि भाग-1 के लिये ), कृषि रसायन विज्ञान- दशम् प्रश्नपत्र( कृषि भाग-2 के लिये ) होगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं पर अखिलेश बोले: अस्पतालों में न दवाएं न डॉक्टर... साथ चलकर जायजा ले ले सरकार का कोई आदमी




सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बाराबंकी समाजवादियों का पुराना गढ़ रहा है। यहां एक बार फिर से सपा का परचम लहराएगा।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं इतनी बदहाल हो गई हैं कि अस्पतालों में न डॉक्टर है न दवाई। मैं तो कहता हूं कि मेरे साथ सरकार का कोई आदमी चलकर अस्पतालों का जायजा ले ले।अखिलेश यादव बृहस्पतिवार की दोपहर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप के आवास पर आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि चार राज्यों के चुनाव परिवर्तन का संकेत दे रहे हैं। मध्य प्रदेश में परिस्थितियां दूसरी हैं। अब लोकसभा चुनाव में भी जनता परिवर्तन चाहती है।लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर बोले अखिलेश यादव -अखिलेश ने कहा कि जनता के सामने वही पुराने सवाल हैं। किसानों की आय दोगुनी करना, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं और विकास। कहा कि बाराबंकी समाजवादियों का पुराना गढ़ रहा है। यहां एक बार फिर समाजवादी परचम लहराएगा। योगी के लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर अखिलेश ने इस पर बाद में चर्चा करने की बात कह कर मुस्कुरा दिया।

### शिवपाल यादव बोले- भाजपा सरकार में पूर्व सैनिक सुरक्षित नहीं, अस्पताल में अन्य मरीजों से भी बातचीत की

शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। पुलिस कस्टडी में सरेआम हत्याएं हो रही हैं। जब पुलिस कस्टडी में हत्याएं हो रही हैं तो आम आदमी कैसे सुरक्षित हो सकता है। इटावा जिले में भाजपा नेता और उसके साथियों के हमले में घायल हुए पूर्व सैनिक का गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने हाल जाने। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा में पूर्व सैनिक सुरक्षित नहीं है। भाजपा नेता उन्हें पीट रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी भी नहीं हो रही है।सुबह 11 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे शिवपाल सिंह ने बैदपुरा के गांव नगला पुल निवासी पूर्व सैनिक रविंद्र सिंह के स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया। वहां मौजूद सैनिक की पत्नी रेखा देवी एवं परिजनों ने शिवपाल सिंह यादव को बताया 14 दिन भाजपा नेता ने अपने साथियों के साथ रविंद्र पर हमला कर दिया था। इससे उनके दोनों पैर तोड़ दिए थे। रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं किया जा सका। सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव ने पीड़ित की बात सुनकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उसके बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों की समस्याएं सुनीं। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त- चिकित्सकों से कहा यहां दूर दराज से मरीज इलाज के लिए आते हैं। इनको बेहतर इलाज मिले किसी को कोई दिक्कत नहीं हो। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। पुलिस कस्टडी में सरेआम हत्याएं हो रही हैं। हमारी सरकार में सबसे अधिक सैनिकों को सम्मान दिया- जब पुलिस कस्टडी में हत्याएं हो रही हैं तो आम आदमी कैसे सुरक्षित हो सकता है। इस सरकार में पूर्व सैनिक सुरक्षित नहीं हैं, जबकि हमारी सरकार में सबसे अधिक सैनिकों को सम्मान दिया गया था। भाजपा के लोग लगातार जनता को प्रताड़ित कर रहे हैं। पुलिस रिपोर्ट लिखने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

## बेमौसम बारिश व ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, असमय बारिश का पानी खेतों खलिहान में पहुंचा, कटी धन फसल बर्बाद



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

अंचल में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही असमय बारिश से धान के खेतों में पानी भर जाने से कटी धान फसल डुबान में आ गई है। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम, महूली कोल्हुआ चोंग करौटी खोहीर कोल्हुआ चोंग जूडवनिया कछवारी मोहरसोप एवं खोड के आसपास बेमौसम बारिश के कहर से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत महूली के निवासी जयबाबू जायसवाल ने बताया है कि पूर्व से ही धान की खेतों में अत्यधिक नमी बना हुआ है और बेसीजन बारिश होने के कारण खेतों में पानी भरने से फसल बर्बाद होने लगा है। किसानों ने बताया कि देर से पकाने वाले सरना वैरायटी के धान अंचल के किसानों के द्वारा बड़े पैमाने पर बोया गया है। फसल की कटाई का समय है और ऐसे में बेमियादी बारिश होने के कारण ही खेतों में कटी फसल बारिश के पानी में डूबान में आ गया है। जिससे किसानों को आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। इधर मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी शुक्रवार तक अंचल में हल्की-फुल्की बारिश के साथ तेज वर्षा होने का अनुमान है। ऐसे में रबी और खरीफ फसल दोनों से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि धान कटाई के बाद फसल को लगभग चार से पांच दिन और एक हफ्ते तक सूखने के बाद ही मिजाई का कार्य किया जाता है। बारिश आने के पूर्व से ही धान फसल की कटाई प्रारंभ हो गया था। मौसम लगातार 4 दिनों तक बरसात की बने रहने की कोई संभावना किसानों को नहीं थी। इधर लगातार 6 महीने से खेती किसानी में मेहनत करने वाले किसानों को फसल तैयार होने पर सहेजने के लिए कड़ी मेहनत करते समय अचानक असमय बारिश के कारण किसानों को आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत महुली किसान ने बताया कि 96 घंटे के लगातार बूंदाबांदी और बौछार के कारण सब्जी की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है तथा चना गेहूं के साथ ही साथ धान फसल को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है। किसानों ने शासन- प्रशासन से सर्वे कर मुआवजे की मांग की है। ग्राम पंचायत महूली के पटेल एवं किसान ने बताया कि यह सीजन रबी फसल की बुवाई का समय है और किसान लगातार दो से तीन बार खेतों की जुताई करने के बाद ही रवि फसल की बुवाई करते हैं। बारिश के बाद से ठंड का सौजन है और खेतों में नमी बनी हुई है। जिससे सूखने में समय लगेगा और रवि सीजन में सबसे कीमती चना, गेहूं, धनिया, करायत, मसूर एवं अलसी की खेती से किसान वंचित हो सकते हैं। इस बार डबल फसल के लिए ज्यादातर किसानों का रुझान गेहूं की खेती की ओर है, लेकिन मौसम परिवर्तन हो जाने के कारण खेती किसानी का काम पूरी तरह से बंद हो चुका है। किसान ने बताया कि ग्राम महूली कोल्हुआ चोंग जूडवनिया कछवारी मोहरसोप सहीत कई गांव में बड़े पैमाने पर साग, भाजी, टमाटर मटर गोभी आलू की खेती किसान वर्षों से करते हैं। पिछले वर्ष किसानों को पर्याप्त बाजार मूल्य नहीं मिल पाने के कारण इस साल आधे से अधिक किसान टमाटर की खेती बंद कर चुके हैं। लेकिन बेसमय बारिश के कारण टमाटर की फसल पूरी तरह से खराब होने की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि टमाटर की सीजन में बदली बारिश से भारी नुकसान साग, सब्जी फसल को होने लगता है। लगातार बदली के कारण फूलगोभी और पत्ता गोभी के साथ ही साथ ही पालक %भाजी, मेथी भाजी और लाल भाजी की फसले खराब हो रही है। बदली की वजह से टमाटर अत्यधिक पकने के बाद से बाजार में सब्जी उत्पादक किसानों को औने-पौने दाम पर बिक्री करना पड़ रहा है।

जिससे किसानों को आर्थिक रूप से बारिश से नुकसान हो रहा है *बे मौसम बरसात से बिहारपुर पहाड़ी क्षेत्र में 4 दिन से छाया अंधेरा सोलर पावर प्लांट सेवा ठप ग्रामीणों के घर में छाया अंधेरा सूरजपुर जिले के बिहारपुर क्षेत्र में चार दिन से बे मौसम बारिश की वजह से बिहारपुर क्षेत्र के कई गांव में सोलर पावर प्लांट सेवा ठप हो गया है ग्रामीणों के घर में अंधेरा छाया हुआ है वहीं सड़क में जगह-जगह कीचड़ में तब्दील हो गया है आने जाने वालों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिले के दूरस्थ क्षेत्र मैं सोलर पावर प्लांट लगाकर ग्रामीणों के घर लाइट दिया गया है जहां धूप न होने से चार दिन से अंधेरा पसरा हुआ है वही महुली जुडवानिया मोहरसोप खोहीर कोल्हुआ चोंग करौटी ए खैरा कछिया बैजनपाठ लूल्ह भून्डा तेलाईपाठ रसौकी रामगढ़ उमझर सहित बिहारपुर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव में अंधेरा पसरा हुआ है जगह-जगह सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है

## संपादकीय Editorial

# EVM and 'cow urine' politics

These are frustrated and trite allegations. It has been the nature of the opposition to curse EVMs after the election mandate. His allegations have been that chips are used in EVMs, hence they can be 'hacked'. Such arguments have been made as if BJP has infiltrated the EVMs across the country and is overturning the mandate. This is also an insult to our democracy and crores of voters. In December 1998, the 'Representation of the People Act' was amended and the system of voting through EVMs instead of ballot paper was implemented. After that, the most important was the 2004 Lok Sabha elections, in which about 17.5 lakh EVMs were used. Despite the 'Bharat Uday' slogan of the then Prime Minister Atal Bihari Vajpayee, the BJP lost the elections and the Congress emerged as the largest party. Opposition alliance formed under the leadership of Congress – UPA. Till May 2014, it saw two terms in power. During that time voting was conducted through EVMs only. At some places the opposition won, at some places the BJP came to power. Even today, there are BJP-NDA governments in 18 states of the country and Congress, Left Front and allies in 13 states. Recently, Congress has received the mandate in Telangana only through EVMs. Congressman Revanth Reddy has become the new Chief Minister of the state. Before this, Congress had won in Karnataka and Himachal and its governments are working there. In the states where Congress has now been defeated - Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Rajasthan, it had got the mandate through EVMs in 2018. Now apart from Congress leaders, opposition parties like SP, BSP and National Conference have also given frustrated arguments of 'ghosts of BJP' in EVMs. The opposition is not limited to this only, but DMK MP Senthil Kumar has given a statement in the Lok Sabha itself expressing his intention to make the mandate 'North vs South'. He said that BJP wins elections only in the 'cow urine' states of the Hindi belt.

Although this statement has been expunged from the record of Lok Sabha proceedings, but who will bear this insult? It was the DMK leaders who had talked about the complete destruction of 'Sanatan' and compared it with diseases like AIDS and leprosy. Is such abuses necessary for politics? DMK is a constituent of the opposition alliance 'India'. Many Congress leaders have condemned such statement of the DMK MP. There were also requests to apologize. Ultimately the MP had to apologise, but such anti-BJP protest is an insult and violation of the country's 'unity in diversity' culture. The question is whether the 2024 general elections can be won only through such divisive politics? Is this divisive mentality the new political agenda of the opposition? Can insult to Cow, Ganga, Gayatri, Geeta be tolerated in the country? In democracy, mandate is the final decision. That is the decisive stand of the public. On the basis of that, powers have been decided in the country, in the states, in North-South-East-West. As far as EVM is concerned, the disputes related to it have reached the Supreme Court. The Election Commission had also extended an all-party invitation and challenged them to find out the glitches in the machine. Why did the opposition not accept it? Still in doubt, the opposition or any of their representatives can challenge the EVMs in the appropriate forum. India is a democratic country, so the problems of the opposition will be solved. It is futile and meaningless to make unnecessary noises after every such defeated mandate.

# Another big achievement for 'Stolen', now Abhishek Banerjee's film will be shown at IFFK

Abhishek Banerjee's thriller film 'Stolen' has got another big achievement. After the BFI London Film Festival, it is going to be premiered at the International Film Festival of Kerala. The film 'Stolen' starring Abhishek Banerjee, Shubhamand and Mia Melejar







is achieving one success after another. It was recently screened at the 67th edition of the BFI London Film Festival. Earlier, this Hindi film directed by Karan Tejpal had its world premiere at the Venice Film Festival. At the same time, this movie is going to be premiered at the International Film Festival of Kerala (IFFK), the news of which has increased the excitement of the fans a lot. 'Stolen' to premiere at IFFK - The International Film Festival of Kerala (IFFK) is organized and hosted by the Kerala State Chalachitra Academy on behalf of the Department of Cultural Affairs of Kerala. This year this film festival is going to be held from 8th December to 15th December. 'Stolen' will premiere at the festival on December 9, December 11 and December 13. The film tells the story of a five-month-old baby who is kidnapped from his mother. Story of 'Stolen' - 'Stolen' tells the story of a five-month-old baby who is kidnapped from his mother, and it The incident attracts the attention of brothers Gautam and Raman, causing them to face various challenges as per the official storyline. The story tests the relationships and convictions of both brothers. Producer Gaurav Dhingra is extremely happy with the successive achievements of the film. Looking forward to the premiere, producer Gaurav Dhingra said, 'After the wonderful and warm reception for Stollon globally and in Mumbai, I am excited to be back in Kerala. Looking forward to presenting my film at the International Film Festival. We look forward to seeing the response. It will be important for us to gauge the reach and impact of the film with the Malayalam audience present and on the pan-India platform.

# Kallu's new music video comes in Sahalag, related to winter season and on target...

Every artist has his own YouTube channel. He remains connected with his fans not only through YouTube channel and other social media platforms. Many singers also have their own music channels on YouTube. He sings for other music companies and also sings for his YouTube channel from time to time. Bhojpuri actor and singer



Arvind Akela Kallu has released his new music video Yaar Kathuaat in December on his YouTube channel Kallu Music World. This song has been sung by Arvind Akela Kallu with Shivani Singh. Along with winter, the wedding season has also started. Arvind Akela Kallu's music video Yaar Kathuai December is based on this theme. This song has also been filmed on Arvind Akela Kallu and Raksha Gupta. The heroine of the album says to the hero, 'The marriage has been fixed in the village. The hero says, 'Dude, Kathua is born in December and you sit in Kohbar along with Bhatar, we stay away from you and you mix turmeric in milk and drink it. In this music video, the yearning of the hero is shown after the marriage of the heroine is fixed. As soon as the music video 'Yaar Kathuaat December' is released, the singing of Arvind Akela Kallu and Shivani Singh is being liked a lot, while in the music video, Arvind Akela The chemistry between Kallu and Raksha Gupta is also very strong. Regarding this music video, Arvind Akela Kallu says, 'It is winter season, so we have made this song accordingly. It has been happening for centuries in folklore and Bhojpuri culture that songs are composed according to time and festival. I have also composed this song keeping the same tradition in mind. Arvind Akela Kallu says, 'I always try to create such a song keeping in mind the festivals in India, which my fans will like very much. That's why I have opened my own YouTube channel so that I can make songs from time to time. My fans have liked all my songs very much. I hope that the audience will give their love and blessings to this song of mine. Be it songs for films or albums, I always try to create songs keeping my fans in mind.

# To fill your stomach and keep your stomach inside, make these low fat tasty parathas for breakfast.


Healthy Diet: There is a lot of fun in eating paratha, but if you have paratha for breakfast every day, then the tension of gaining weight before eating starts bothering you. So, is there any option by which we can include paratha in breakfast without worrying about the weight? So this option is definitely available. Learn the recipe of such parathas here. Eat these parathas without worrying about obesity.



Low-fat healthy and tasty parathas. Apart from filling the stomach, these parathas also keep the stomach inside. Are you also included among those people, whose stomach gets filled just by eating paratha for breakfast, but many a times, despite wanting to, they are not able to eat it just because of the fear that the weight will increase, which is very obvious. C is worried. In such a situation, today we have brought for you the recipe of low-fat paratha, which you can easily prepare and eat for breakfast, lunch or dinner anytime, that too without worrying about obesity. Let us know their recipe. Cabbage and Garlic Paratha- First of all, mix salt in flour and add water as required and knead the dough. Then leave it to set for 15-20 minutes. - After this grate the cabbage. Add finely chopped garlic, green chilli, grated ginger, garam masala, turmeric powder, salt and chopped coriander leaves to it. - Now knead the dough once more. Make small balls of it. Make a space between the balls and fill the cabbage filling in it. Flatten slightly with hands. Start making the parathas bigger by patting them with your hands. After this, roll it a little with a rolling pin because sometimes the filling comes out. - Bake these parathas on a non-stick pan. Use refined or ghee of your choice for baking parathas. Pea-Spinach Paratha - In this, the flour has to be kneaded first so that it becomes a little soft. Don't forget to add salt to the flour. Roasting the peas instead of boiling them in pea paratha is a better option because sometimes it becomes difficult to stuff the peas after boiling. - Chop spinach leaves finely. Also green chillies. Grate ginger instead of cutting it. - Mash the peas in a large bowl. Add finely chopped spinach, green chillies, ginger, cumin powder, coriander powder and salt to it. - Make pedas of flour and fill them with pea mixture. - Roll out the paratha with gentle hands and make it a little bigger. Then fry it on a non-stick pan with very little oil. These parathas made from vegetables are great options for breakfast.

# Bacterial or viral, identify which pneumonia you are suffering from by these symptoms

Pneumonia cases are continuously increasing in different countries of the world. Especially children are becoming more victims of these diseases. In such a situation, it is important to be careful regarding




this. Generally, two types of pneumonia make people their victims, which include bacterial pneumonia or viral pneumonia. You can identify both by these symptoms. Pneumonia cases are increasing rapidly in many parts of the world including China. Especially children are becoming victims of this serious disease. Generally, people become victims of viral and bacterial pneumonia. For some time, news of increasing cases of pneumonia has been continuously coming from countries like China, Denmark, France and Netherlands. Most of the children here are falling prey to this disease. These increasing cases of pneumonia have caused great concern to people all over the world. According to the information, many of the cases coming in these countries are related to bacterial infection, which is the most common type of pneumonia. However, often viral infections also start spreading during winter. How does pneumonia occur? - When there is infection in one or both lungs of a person, it is called pneumonia. The symptoms of both types of pneumonia are largely similar. However, they can be identified with the help of blood test and X-ray. However, bacterial pneumonia causes high fever. Also the phlegm may be yellow or green and sometimes cause severe chest pain. When it comes to treatment, both types of pneumonia may require hospitalization depending on the severity of the symptoms. Antibiotics are effective in treating bacterial pneumonia, but they have no effect on viral pneumonia. For this, usually antiviral medicines and oxygen therapy are given to maintain adequate blood oxygen level. Viral pneumonia begins with nasal congestion, cough, and fever, often accompanied by mucoid phlegm. Bacterial pneumonia occurs suddenly with prolonged fever, purulent sputum and local inflammation in one lung lobe.

# ठंड बढ़ने पर आई रैन बसेरों में इंतजाम सुधारने की याद



मुरादाबाद- ठंड बढ़ने पर निराश्रित, गरीब, असहाय व्यक्तियों व परिवार को आश्रय देने की याद जिला प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों को आई। अब अधिकारी महानगर व निकायों में रैन बसेरे, शेल्टर होम की व्यवस्था सुधारने के लिए सक्रिय हो गए हैं। महानगर में नगर निगम के सात स्थायी और दो अस्थायी रैन बसेरे संचालित हैं। हालांकि इसमें कई में व्यवस्था बदहाल है। ठंड बढ़ने पर अधिकारी रैन बसेरे में निराश्रितों और जरूरतमंदों के रहने लायक व्यवस्था की निगरानी में जुट गए हैं। महानगर और शहरी निकायों में रैन बसेरा, शेल्टर होम की व्यवस्था को जल्द बेहतर करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र ने दिया है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की ओर से सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी, नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने क्षेत्र में रैन बसेरे, शेल्टर होम आदि के प्रबंध ठीक करा लें। जिससे कड़ाके की सर्दी में कोई निराश्रित, बेसहारा, गरीब, कमजोर व्यक्ति को खुले आसमान के नीचे रात बिताने की नौबत न आए। साथ ही कंबल वितरण और अलाव जलवाने के प्रबंध भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। रैन बसेरों की जियो टैगिंग भी कराई जाएगी। वहीं नगर आयुक्त संजय चौहान का कहना है कि नगर निगम की ओर से महानगर में कुल 9 रैन बसेरे संचालित होते हैं। जिसमें सात स्थायी और 2 अस्थायी हैं। शीतकाल में सभी का सुचारु संचालन कराया जाता है। जहां कमियां होंगी उन्हें ठीक कराएंगे।

## यह करनी है व्यवस्था

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व का कहना है ठंड को देखते हुए रैन बसेरे और गो-आश्रय स्थलों पर पर्याप्त इंतजाम रखें जाएंगे, अलाव जलवाने के लिए जगह भी चिह्नित करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आश्रयहीन व्यक्तियों के लिए रैन बसेरे और शेल्टर होम में रुकने के लिए सभी मूलभूत इंतजाम करा रहे हैं। हर रैन बसेरा या शेल्टर होम सातों दिन 24 घंटे खुले रहेंगे।

इसके लिए एक अधिकारी नामित किए जाएंगे रैन बसेरे के लिए केयर टेकर तैनात किए जाएंगे, जिसका नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर रैन बसेरा व शेल्टर होम के गेट पर लिखा होना चाहिए रात में अधिकारी औचक निरीक्षण कर व्यवस्था की स्थिति देखेंगे। कमियों में सुधार कराएंगे। जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, श्रमिकों के कार्य स्थल व बाजार में अनिवार्य रूप से रैन बसेरा व शेल्टर होम सक्रिय व पूर्ण सुविधा के साथ संचालित रखना होगा। इसमें बेड बिस्तर, कंबल आदि के साथ सफाई धुलाई नियमित कराई जाएगी, रैन बसेरे का सैनिटाइजेशन भी कराना अनिवार्य होगा महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय का प्रबंध रहेगा। रैन बसेरा व अन्य सार्वजनिक स्थानों के पास अलाव जलेगा।




# महीने भर चली पाठशाला, नियम नहीं पढ़ा सकी पुलिस



मुरादाबाद- 1 नवंबर को यातायात माह का आरंभ हुआ था जिसका समापन 30 नवंबर को पंचायत भवन में किया गया। औपचारिकता के साथ बीते इस पूरे महीने में पुलिस ने खूब पाठशाला लगाई और रैलियां निकाली। चालान कार्रवाई भी की। लेकिन यातायात का पाठ ठीक से नहीं पढ़ा पाई। नतीजा यह हुआ कि सड़क पर यातायात नियमों का खूब मखौल उड़ाता दिखा। सड़क पर ऑटो खड़ा होने की वजह से महानगर में जाम लगा तो कहीं एक बाइक पर तीन सवार नजर आए। वहीं बाइक चालक मोबाइल पर बात करते हुए भी दिखाई दिए। साथ ही नियमों का पालन कराने वाले पुलिसकर्मी भी मोबाइल में व्यस्त व बिना हेलमेट के वाहन चलते दिखे। इससे पता चलता है कि पूरे यातायात माह में पुलिस ने कितनी मेहनत की है।

# पद्मावती में तीन दिवसीय कैरियर फेस्टिवल एकलव्य का हुआ शुभारंभ



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वृहस्पतिवार को तीन दिवसीय कैरियर फेस्टिवल एकलव्य 2023 का बड़ी ही भव्यता के साथ आगाज हुआ ।शुभारंभ चेयरमैन पारुष अरोरा , डायरेक्टर पार्थ अरोरा , प्रधानाचार्या ममता सक्सेना, सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवानी जूनियर कोऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कैरियर सेशन का शुभारंभ किया । कैरियर संबंधी दो सेशन हुए, पहला कैरियर सेशन डॉक्टर महेब खानम ( नर्सिंग प्रोफेसर, रोहिलखंड यूनिवर्सिटी ) ने लिया। प्रधानाचार्या ममता सक्सेना ने तुलसी का पौधा देकर डॉ. खानम का स्वागत किया। डॉ. खानम ने विद्यार्थियों को नर्सिंग में भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराने के साथ नर्सिंग के क्षेत्र को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया।नर्सिंग के डिप्लोमा, डिग्री कोर्सेज के विषय में विस्तार से बताने के साथ ही अनेक महत्वपूर्ण उपयोगी बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा नर्सिंग का क्षेत्र सीमित नहीं है। इसमें भी नौकरी की अपार संभावनाएं हैं। आज भारत के अलावा विदेशों में भी भारतीय नर्सों की बेहद आवश्यकता है।डॉ. खानम से पूछे गए प्रश्नों के बहुत ही संतोषजनक उत्तर पाकर विद्यार्थी बहुत खुश हुए । करियर संबंधी दूसरा सेशन स्कूल के चेयरमैन श्री अरोरा ने एजूकेशनल काउंसलिंग के तहत लिया जिसमें उन्होंने संस्कृत के श्लोक –काका चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा तथैव च। अल्पाहारी, गृहत्यागी, विद्यार्थिन: पंच लक्षणं। के माध्यम से बेहद आसान तरीके से विद्यार्थियों को बताया कि यदि प्रयत्न, एकाग्रता नींद, अल्पाहार, गृहत्यागी इन पाँच क्रियाओं को विद्यार्थी अपने जीवन में अपना लें कोई ताकत नहीं जो आगे बढ़ने से रोक सके। उन्होंने कहा कि अपनी योग्यता, रुचि और कुशलता के अनुरूप ही बच्चों को अपने विषय चुनने चाहिए। और एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य पर नज़र रखेंगे तो निश्चित ही सफलता के उच्च शिखर पर होंगे। कोआर्डिनेटर वैशाली गुप्ता ने प्रेरणात्मक सेशन के लिए चेयरमैन श्री अरोरा का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अंशिका भारद्वाज ने किया । कार्यक्रम में सेशन कोऑर्डिनेटर पूनम गंगवार तथा पायल कपूर छात्र उज्जि़का ढींगरा एवं यशप्रीत्, सारांश दीक्षित कैफ खान, वशिष्ठ प्रदीप विशेष सहयोग रहा।

# ओड़गी क्षेत्र में खेत से खलिहान तक भीगा धान, मुसीबत में किसान,मुआवजे की उठने लगी मांग



क्यूँ न लिखूँ सच

रामचंद्र जायसवाल

ओड़गी - मिचौंग तूफान व पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जिले के ओड़गी विकास खंड में हो रही बेमौसम बारिश से खेत से खलिहान तक धान भीग गया है। धान कटाई का काम अभी चल ही रहा था। खलिहान में पहुंचे धान की मिसाई भी नहीं हुई है। ऐसे में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से किसान मुसीबत में आ गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन बाद ही मौसम साफ होने की संभावना है. ऐसे में ओड़गी क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ गई है. किसानों को डर सता रहा है कि बेमौसम बारिश से किसानों का साल भर का कमाई डूब जाएगा. ऐसे ही रूक रूक बारिश होगी तो भींगे हुए धान में अंकुरण आ जाएगा और भारी नुक़सान का मार खाना पड़ेंगा. किसानों के चेहरों पर साफ तौर पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है.किसानो में फ़सल नुकसान होने पर सरकार से मुआवजे देने की भी सुगबुगाहट शुरू हो गई है.अब देखने वाली बात है आगे क्या होता है.

# क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ताओं ने फव्वारा चौक पर किया चक्का जाम, सुखदेव सिंह के हत्यारों को पकड़ने की मांग



मुरादाबाद- राजस्थान में हुई राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के बाद गुरुवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने फव्वारा चौक पर चक्का जाम कर दिया। महासभा के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने राजवीर सिंह के हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़कर जेल भेजने के लिए नाराबाजे करते हुए कार्यकर्ता ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान चौक पर लंबा जाम लग गया। सुरक्षा की दृष्टि से इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। महासभा के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रपति से हत्यारों को पकड़ने की मांग की है।

# महिला के साथ किया दुर्व्यवहार महिला ने की कप्तान से शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच -हारून बख्श

फर्रुखाबाद यूपी फर्रुखाबाद जिले के थाना जहानगंज अंतर्गत ग्राम बहोरा निवासीस्वामी ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को एक प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें कहा गया है कि प्राथमिक की भाई की पत्नी रामादेवी पत्नी अनूप कुमार के नाम से गाता संख्या476 पर बोरिंग हेतु बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी फर्रुखाबाद द्वारा अनुमति दी गई किंतु गांव के रमेश चंद्र आदि प्रार्थियों के भाई के खेत में बोरिंग नहीं करने दे रहे हैं जिसके संबंध में प्राथमिक ने दिनांक 5 /12/ 2023 को थाना जहानगंज जाकर थाना अध्यक्ष जहानगंज से बोरिंग रोकी जाने का कारण पूछा और कहा कि प्रार्थनी के भाई की पत्नी के गाता संख्या 476 पर उच्च अधिकारियों द्वारा बोरिंग की अनुमति दी जा चुकी है जीस पर थानाध्यक्ष जहानगंज योगें बायद्र सिंह सोलंकी प्रार्थिनी पर आग बबूला हो गए और प्रार्थिनी के साथ अभद्रता करते हुए का मोबाइल छिन्ने लगे जिससे प्रार्थिनी का मोबाइल टूट गया और प्रार्थिनी का नुकसान हो गया। जहानगंज के थाने के जहानगंज के बहरो के हलका इंचार्ज ने बिल्कुल सही महिला के साथ व्यवहार किया सही बात की थाना झारखंड के प्रभारी योगेंद्र सिंह सोलंकी ने महिला के हाथ से फोन क्यों छीन इसका क्या कारण था पुलिस विभाग में यह है कि किसी की महिला से हाथ से फोन छीन इसका अपराध क्या हुआ देखते हैं क्या होगा आगे एसपी साहब का फैसला पत्रकार लोग जो सच्चाई दिखाते हैं इसीलिए पत्रकारों पर कई बार हमला पत्र पर फर्जी मुकदमे लिखे जाते हैं

# श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में संगठन के पदाधिकारियों नें सड़क पर उतकर किया प्रदर्शन




क्यूँ न लिखूँ सच

श्याम जी कश्यप

फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में संगठन के पदाधिकारियों नें सड़क पर प्रदर्शन कर हत्यारोपियों के एनकाउंटर की मांग की है इस दौरान आक्रोशित भीड़ नें एक टायर में आग लगाकर नारेबाजी की ।लेकिन पुलिस नें जलता हुआ टायर छीन लिया लेकिन टायर की आग से एक प्रदर्शन करनें वाले युवक का हाथ झुलस गया बीते दिन श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर स्थित उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी । जिसके विरोध में फर्रुखाबाद शहर के लाल दरवाजे फब्बारे पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विभिन्य संगठनों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकत्रित हुए उन्होंने जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन शुरू किया करणी सेना के पदाधिकारियों नें मांग करते हुए कहा कि हत्यारों का सरकार एनकाउंटर करे यदि यूपी में घटना हुई होती तो अब तक सीएम योगी की पुलिस नें हत्यारों को मार गिराया होता प्रदर्शन की सूचना मिलने पर नगर मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र, सीओ सिटी प्रदीप कुमार, कादरी गेट थानाध्यक्ष विनोद शुक्ला, शहर कोतवाल भोलेन्द्र चतुर्वेदी, यातायात प्रभारी रजनेश यादव मौके पर आ गये लेकिन करणी सेना नें डीएम के मौके पर आनें की मांग की इस दौरान प्रदर्शन करनें वालों नें टायर में आग लगा दी पुलिस नें नोकझोंक व धक्का-मुक्की भी हुई जिससे भगदड़ मच गयी पुलिस नें बड़ी मुश्किल में टायर को छीन लिया और उसकी आग बुझा दी उसके बाद ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन देनें के बाद भी प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते रहे इसके बाद सीओ सिटी नें दबाब बनाकर सभी को वापस कर दिया श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह चौंहान, जिला महामंत्री प्रदीप सिंह राठौर, नगर महामंत्री जानू ठाकुर, नगर मंत्री अमन ठाकुर, छात्र सभा जिलाध्यक्ष कीर्ति बर्धन सिंह, हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, प्रदेश सचिव सौरभ मिश्रा, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, भारती किसान यूनियन ( भानू ) के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोमबंशी, वैभव सोमवशी, विपिन अवस्थी, फर्रूखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भइयन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे

# दिव्यांगों के लिए दो दिवसीय शिविर सोमवार से




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष में श्री महावीर निर्वाण समिति बरेली द्वारा दिव्यांगों की मदद के लिए दो दिवसीय निशुल्क शिविर 12 व 13 दिसंबर को प्रात: 10 से शाम 4 बजे तक जैन मंदिर रामपुर बाग में लगाकर लोगों को निशुल्क श्रवण यंत्र वितरित करेगी। शिविर के मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने बताया कि दिव्यांगों के कृत्रिम हाथ व पैर लगा कर देने वाली प्रसिद्ध भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के डॉक्टरों की टीम इसके लिए 12 व 13 दिसंबर को शिविर में सहयोग देने के लिए आ रही है। बच्चों को अमेरिका से आई कान की मशीन वो टेस्ट कर लगाएंगे। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि राजकीय संकेत विद्यालय बरेली के 100 बच्चों का इसके लिए चयन किया है ।जिनकी ऑडियोमेट्री टेस्ट समिति ने करा लिए हैं। समिति के सचिव कृष्ण कुमार जैन ने बताया कि रामपुर बाग जैन मंदिर में लगने वाले शिविर में समिति 10 सीनियर सिटीजंस को भी निशुल्क श्रवण यंत्र प्रदान करेगी। मंत्री सतेंद्र जैन ने कहा कि भगवान महावीर के निर्वाण वर्ष पर दिव्यांगों और बच्चों की सहायता से बढ़ कर कोई और पुण्य का कार्य हो नही सकता, देश के भविष्य बच्चों के शिक्षा ग्रहण में भी यह कार्य सहायक होगा। बैठक में, सतीश जैन, मनीष जैन, राजकुमार जैन, सुनील जैन, देवेंद्र कुमार जैन, अरविंद कुमार जैन, राजीव जयपति, अतुल जैन आदि मौजूद रहे। यह जानकारी शिविर के मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने दी।

# 25 हजार इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल



क्यूँ न लिखूँ सच

श्याम जी कश्यप

फर्रुखाबाद टांग में गोली लगने के बाद स्ह्त्र व पुलिस ने शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार आरोपित बदमाश के ऊपर पुलिस रिकॉर्ड ढाई दर्जन के करीब मुकदमा दर्ज है आरोपित की पहचाना मैनपुरी जिला निवासी आरोपी सोनू उर्फ दीपक नाई के तौर पर हुई एसओजी अमित गंगवार व थाना पुलिस ने पखना अंडर पास निकट घेराबंदी कर आरोपित को दबोचने का किया प्रयास पुलिस को देख आरोपित बदमाश ने एसओजी टीम पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी जवाबी फायरिंग में बदमाश के बाएं पैर में लगी गोली घायल बदमाश को पुलिस ने आनन-फानन में सीएचसी मोहम्दाबाद में कराया भर्ती डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल बदमाश को जिला अस्पताल लोहिया को किया रेफर कोतवाली मोहम्दाबाद क्षेत्र में पखना अंदर पास का मामला

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

